# SSC SELECTION POST EXAMINATION

## Phase XII (Matriculation Level)

**[Exam Date : 20/06/2024, Shift-IV]**

## Section : General Intelligence

**1. In a certain code language, 'government help people' is written as 'abc pqr mno', 'people live happily' is written as 'efg xyz pqr', and 'people choose government' is written as 'abc pqr ijk'. What is the code for the word 'choose' in that language?**

**एक कूट भाषा में 'government help people' को 'abc pqr mno' लिखा जाता है, 'people live happily' को 'efg xyz pqr' लिखा जाता है और 'people choose government' को 'abc pqr ijk' लिखा जाता है। उस भाषा में 'choose' शब्द के लिए क्या कूट है?**

(a) xyz (b) ijk
(c) pqr (d) abc

**Ans. (b) :**

| शब्द | कूट भाषा |
|---|---|
| government help people | abc pqr mno |
| people live happily | efg xyz pqr |
| people choose government | abc pqr ijk |

अतः choose को कूट भाषा में ijk लिखा जाएगा।

**2. Which two numbers (not individual digits) should be interchanged to make the given equation correct?**

**दिए गए समीकरण को संतुलित करने के लिए किन दो संख्याओं (अकेले अंको को नहीं) को आपस में बदलना होगा?**

**$[(39 - 3) \div 6] + 11 \times 2 - 4 \times 5 = 13$**

(a) 11 and 4/11 और 4 (b) 2 and 5/2 और 5
(c) 2 and 6/2 और 6 (d) 3 and 6/3 और 6

**Ans. (d) :** दिये गये समीकरण से –

$[(39 - 3) \div 6] + 11 \times 2 - 4 \times 5 = 13$

3 और 6 को आपस में परिवर्तित करने पर–

$[(39 - 6) \div 3] + 11 \times 2 - 4 \times 5 = 13$

$[33 \quad 3] + 22 - 20 = 13$

$11 + 22 - 20 = 13$

$33 - 20 = 13$

$13 = 13$

L.H.S = R.H.S

**3. In a certain code language,**
**'A + B' means 'A is the mother of B',**
**'A – B' means 'A is the brother of B',**
**'A × B' means 'A is the wife of B' and**
**'A ÷ B' means 'A is the father of B'.**
**How is C related to E if A + B ÷ C × D − E?**

**एक निश्चित कूट भाषा में,**
**'A + B' का अर्थ है 'A, B' की माँ है,**
**'A – B' का अर्थ है 'A, B' का भाई है,**
**'A × B' का अर्थ है 'A, B' की पत्नी है' और**
**'A ÷ B' का अर्थ है 'A, B' का पिता है**
**यदि 'A + B  C × D – E' है, तो C का E से क्या संबंध है?**

(a) Sister's husband/बहन का पति
(b) Brother's wife/भाई की पत्नी
(c) Sister/बहन
(d) Mother/माँ

**Ans. (b) :** कूट भाषा के अनुसार–




उपर्युक्त रक्त सम्बन्ध आरेख से स्पष्ट है कि C, E के भाई की पत्नी है।

**4. Which of the following letter-clusters will replace the question mark (?) in the given series?**

**निम्नलिखित में से कौन सा अक्षर - समूह दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिन्ह (?) का स्थान लेगा?**

**IBDA, MFHE, QJLI, ?, YRTQ**

(a) UNTM (b) VNPM
(c) UNPM (d) QNPQ

**Ans. (c) :** दी गई श्रृंखला निम्नवत् हैं।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| I —4→ | M —4→ | Q —4→ | U —4→ | Y |
| B —4→ | F —4→ | J —4→ | N —4→ | R |
| D —4→ | H —4→ | L —4→ | P —4→ | T |
| A —4→ | E —4→ | I —4→ | M —4→ | Q |

अतः ? = UNPM

**5. What will come in place of the question mark (?) in the following equation if '+' and '×' are interchanged and '–' and '÷' are interchanged?**

यदि '+' और '×' को आपस में बदल दिया जाए और '–' और ' ' को आपस में बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्नचिन्ह् (?) के स्थान पर क्या आएगा?

**16 – 4 + 7 × 8 ÷ 1 = ?**

(a) 35 (b) 23
(c) 47 (d) 15

**Ans. (a) :** दिया गया समीकरण

16 – 4 + 7 × 8 ÷ 1 = ?

प्रश्नानुसार, चिन्ह परिवर्तित करने पर–

=16   4 × 7 +8 – 1

= 4 × 7 + 8 –1

= 28 + 8 – 1

= 35

**6. In a certain code language, 'ABROAD' is written as 'SCBFCQ' and 'ACCEPT' is written as 'DDBVRG'. How will 'ACTION' be written as in that language?**

**एक निश्चित कूट भाषा में, 'ABROAD' को 'SCBFCQ' के रूप में लिखा जाता है और 'ACCEPT' को 'DDBVRG' के रूप में लिखा जाता है। उसी कूट भाषा में 'ACTION' को कैसे लिखा जाएगा?**

(a) UDBPQK (b) VECPQK
(c) TCANOI (d) TCAPQK

**Ans. (a) :** जिस प्रकार,




उसी प्रकार,




अतः ? = UDBPQK

**7. Which of the following terms will replace the question mark (?) in the given series?**

**निम्नलिखित श्रृंखला में प्रश्न - चिन्ह (?) के स्थान पर नीचे दिए गए विकल्पों में से कौन -सा अक्षर -गुच्छ आएगा?**

**SOWJ, QPUK, OQSL, ?, KSON**

(a) MRQM (b) NRPM
(c) MSQN (d) NQQL

**Ans. (a) :** दी गई श्रृंखला निम्नवत् है।

S —2→ Q —2→ O —2→ M —2→ K

O —1→ P —1→ Q —1→ R —1→ S

W —2→ U —2→ S —2→ Q —2→ O

J —1→ K —1→ L —1→ M —1→ N

अतः ? = MRQM है।

**8. In a certain code language, 'WHITE' is written as 'FSJGX' and 'COLOR' is written as 'SNMND'. How will 'SHIRT' be written as in that language?**

**एक निश्चित कूट भाषा में 'WHITE' को 'FSJGX' और 'COLOR' को 'SNMND' लिखा जाता है। उस भाषा में 'SHIRT' को कैसे लिखा जाएगा?**

(a) UQJGT (b) UQJIT
(c) TGJQU (d) UPJGT

**Ans. (a) :** जिस प्रकार




तथा




उसी प्रकार,




**9. In a certain code language, 'FLUTE' is written as 'VGFOU' and 'EXILE' is written as 'VORCV'. How will 'BLOOD' be written in that language?**

**एक निश्चित कूट भाषा में, 'FLUTE' को 'VGFOU' लिखा जाता है और 'EXILE' को 'VORCV' लिखा जाता है। उसी में 'BLOOD' को क्या लिखा जाएगा?**

(a) WLOXY (b) WLLOB
(c) WLLDB (d) WLLOY

**Ans. (d) :** जिस प्रकार,



तथा




उसी प्रकार,




अतः BLOOD को WLLOY के रूप में कोडित किया जायेगा।

**10. Select the letter-cluster from among the given options that can replace the question mark (?) in the following series.**

**दिए गए विकल्पों में से उस अक्षर - समूह को चुनें जो निम्नलिखित श्रृंखला में प्रश्नवाचक चिन्ह (?) के स्थान पर आएगा।**

**AGMZ, CEOX, ECQV, ?**

(a) GAST (b) GDSX
(c) GBTS (d) GCSW

**Ans. (a) :** दी गई श्रृंखला निम्नवत है।




अतः ? = GAST

**11. Select the correct mirror image of the given figure when the mirror is placed at line MN as shown below.**

**जब दर्पण को नीचे दिखाए अनुसार रेखा MN पर रखा जाए तो दी गई आकृति के सही दर्पण प्रतिबिंब का चयन कीजिए।**




(a) 

(b) 

(c) 

(d) 

**Ans. (b) :** जब दर्पण को MN पर रखा जाता है तो दी गई आकृति का सही दर्पण प्रतिबिम्ब विकल्प (b) का आकृति होगी।

**12. Select the option that is related to the fifth number in the same way as the fourth number is related to the third number and the second number is related to the first number.**

**उस विकल्प का चयन कीजिए जो पांचवी संख्या से उसी प्रकार संबंधित है जिस प्रकार चौथी संख्या तीसरी संख्या से और दूसरी संख्या पहली संख्या से संबंधित है।**

**16 : 36 :: 64 : 100 :: 25 : ?**

(a) 47 (b) 49
(c) 61 (d) 45

**Ans. (b) :** दी गई संख्या के अनुसार

16 : 36 :: 64 : 100 :: 25 : ?

जिस प्रकार,

$16 = 4^2$

$36 = (4 + 2)^2$

$64 = 8^2$

$100 = (8 + 2)^2$

उसी प्रकार

$25 = 5^2$

$? = (5 + 2)^2$

? = 49

**13. In a certain code language,**

**'X + Y' means 'X is the mother of Y'.**

**'X * Y' means 'X is the father of Y',**

**'X − Y' means 'X is the daughter of Y',**

**'X % Y' means 'X is the wife of Y'.**

**Based on the above, how is A related to D if 'A − B * C + D'?**

**एक निश्चित कूट भाषा में,**

**'X + Y' का अर्थ है 'X, Y' की माँ है,**

**'X × Y' का अर्थ है 'X, Y' के पिता हैं,**

**'X – Y' का अर्थ है 'X, Y' की बेटी है।**

**'X % Y' का अर्थ है 'X, Y' की पत्नी है।**

**उपर्युक्त के आधार पर, यदि 'A – B * C + D' है, तो A, D से किस प्रकार संबंधित है?**

(a) Mother's mother/नानी

(b) Mother's sister/मौसी

(c) Daughter/बेटी

(d) Mother/माँ

**Ans. (b) :** कूट भाषा के अनुसार,




उपर्युक्त रक्त सम्बन्ध आरेख से स्पष्ट है कि A, D की मौसी है।

**14. In a certain code language, CAT is written as 24 and LATE is written 38. How will DOLL be written in the same language?/एक निश्चित कूट भाषा में CAT को 24 और LATE को 38 लिखा जाता है। उसी भाषा में DOLL को कैसे लिखा जाएगा?**

(a) 39 (b) 43
(c) 47 (d) 40

**Ans. (b) :** जिस प्रकार, तथा
CAT = 24 LATE = 38
= 3 + 1 + 20 = 12 + 1 + 20 + 5
= 24 = 38
उसी प्रकार,
DOLL
= 4 + 15 + 12 + 12
= 43
अतः DOLL को उसी कूट भाषा में 43 लिखा जायेगा।

**15. Select the option that is related to the third word in the same way as the second word is related to the first word. (The words must be considered as meaningful English words and must not be related to each other based on the number of letters/number of consonants/vowels in the word.)**
**Car : Garage :: Clothes : ?**
**उस विकल्प का चयन करें जो तीसरे शब्द से उसी प्रकार संबंधित है जैसे दूसरा शब्द से संबंधित है। (शब्दों को अर्थपूर्ण हिंदी शब्दों के रूप में माना जाना चाहिए और इनको शब्द में अक्षरों की संख्या/व्यंजनों/स्वरों/स्वरों की संख्या के आधार पर एक - दूसरे से संबंधित नहीं किया जाना चाहिए।)**
**कार : गैराज :: वस्त्र :?**

(a) Bus/बस (b) Iron/इस्त्री
(c) Wardrobe/अलमारी (d) Dress/पोशाक

**Ans. (c) :** जिस प्रकार कार, गैराज में रखी जाती है। उसी प्रकार वस्त्र, अलमारी में रखे जाते हैं।

**16. Select the correct option that indicates the arrangement of the following words in a logical and meaningful order.**
**1 Rain**
**2 Sea**
**3 Evaporation**
**4 Clouds**
**उस सही विकल्प का चयन कीजिए, जो निम्नलिखित शब्दों की व्यवस्था को तार्किक और सार्थक क्रम में इंगित करता है।**
**1 वर्षा**
**2 समुद्र**
**3 वाष्पीकरण**
**4 बादल**

(a) 3, 4, 1, 2 (b) 1, 2, 3, 4
(c) 2, 3, 4, 1 (d) 1, 2, 4, 3

**Ans. (c) :** दिये गये शब्दों का तार्किक क्रम निम्नवत है।
समुद्र (2) वाष्पीकरण (3) बादल (4) वर्षा (1)
सार्थक क्रम = 2, 3, 4, 1
अतः विकल्प (c) सही है।

**17. In this question, three statements are given, followed by two conclusions numbered I and II. Assuming the statements to be true, even if they seem to be at variance with commonly known facts, decide which of the conclusions logically follows/follow from the statements.**
**Statements:**
**I. Some clay are soils**
**II. Some soil are mud.**
**III. Some mud are dust.**
**Conclusions:**
**I. Some clay are dust.**
**II. All dust are Soil.**
**इस प्रश्न में, तीन कथन और उसके बाद दो निष्कर्ष I और II दिए गए हैं। कथनों को सत्य मानते हुए, भले ही वे सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हों, निर्णय लें कि कौन - सा/से निष्कर्ष तार्किक रूप से कथनों का अनुसरण करता/करते हैं /हैं।**
**कथन**
**I. कुछ मृत्तिका (क्ले), मिट्टी हैं।**
**II. कुछ मिट्टी, कीचड़ (मड) हैं।**
**III. कुछ कीचड़ (मड), धूल हैं।**
**निष्कर्षः**
**I. कुछ मृत्तिका (क्ले), घूल हैं।**
**II. सभी धूल, मिट्टी हैं।**

(a) Only conclusion I follows/केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है।
(b) Neither conclusion I nor II follows/न तो निष्कर्ष I और न ही II अनुसरण करता है।
(c) Both conclusion I and II follow/दोनों निष्कर्ष I और II अनुसरण करते हैं
(d) Only conclusion II follows/केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है।

**Ans. (b) :** कथनानुसार,




उपर्युक्त वेन आरेख से स्पष्ट है कि न तो निष्कर्ष I और न ही II अनुसरण करता है।

**18. Select the option that represents the correct order of the given words as they would appear in an English dictionary.**
**उस विकल्प का चयन कीजिए जिसमें निम्न शब्दों का वह क्रम दिया गया है, जिस क्रम में वे अंग्रेजी शब्दकोश में आते हैं।**

**1. Discover** **2. Disperse**
**3. Disjointed** **4. Discard**
**5. Disposable**
**6. Discriminate**

(a) 4, 1, 6, 2, 3, 5 (b) 4, 1, 6, 5, 3, 2
(c) 4, 6, 1, 3, 2, 5 (d) 4, 1, 6, 3, 2, 5

**Ans. (d) :** दिये गये शब्दों का अंग्रेजी शब्दकोश के अनुसार क्रम निम्नवत् है।
4. Discard
1. Discover
6. Discriminate
3. Disjointed
2. Disperse
5. Disposable
सार्थक क्रमः = 4,1, 6, 3, 2, 5
अतः विकल्प (d) सही है।

**19. Select the option that represents the letters that, when sequentially placed from left to right in the blanks, will complete the letter series.**
**उस विकल्प का चयन करें, जो उन अक्षरों का प्रतिनिधित्व करता है, जो रिक्त स्थानों में क्रमिक रूप से बाएँ से दाएँ रखे जाने पर दी गई अक्षर श्रृंखला को पूरा करेंगे।**

**_ R _ _ A R _ O _ _ G O A _ G O**

(a) A G O G A R R (b) A A G O G R R
(c) A G G O A R R (d) A G O G R A A

**Ans. (a) :** दी गई श्रृंखला निम्नवत् हैं
A R G O A R G O A R G O A R G O
रिक्त स्थान में भरे गई अक्षर क्रमशः AGOGARR है।

**20. Identify the option figure that can replace the question mark (?) in the following series to logically complete the series?**
**उस विकल्प आकृति का चयन कीजिए जो श्रृंखला को तर्कसंगत रूप से पूर्ण करने के लिए निम्नलिखित श्रृंखला में प्रश्न -चिन्ह (?) को प्रतिस्थापित कर सकती है?**




(a) 


(b) 


(c) 


(d) 


**Ans. (c) :** दी गई श्रृंखला को क्रमशः बढ़ाने पर विकल्प (c) की आकृति पूर्ण करेगी।

**21. Three statements are given, followed by four conclusions numbered I, II, III and IV. Assuming the statements to be true, even if they seem to be at variance with commonly known facts, decide which of the conclusions logically follow(s) from the statements.**
**Statements:**
**Some cars are bikes.**
**All bikes are trucks.**
**Some trucks are buses.**
**Conclusions:**
**I. Some trucks are cars.**
**II. All buses are cars.**
**III. Some cars are buses.**
**IV. All bikes are buses**
**तीन कथन दिए गए हैं, जिसके बाद चार निष्कर्ष, I, II, III और IV दिए गए हैं। कथनों को सत्य मानते हुए, भले ही वे सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हों, तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन सा/ से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/ करते हैं।**
**कथनः**
**कुछ कार, बाइक हैं।**
**सभी बाइक, ट्रक हैं।**
**कुछ ट्रक , बस हैं।**
**निष्कर्षः**
**I. कुछ ट्रक, कार हैं।**
**II. सभी बस, कार हैं।**
**III. कुछ कार, बस हैं।**
**IV. सभी बाइक, बस हैं।**

(a) Only Conclusions I and IV follow/केवल निष्कर्ष I और IV अनुसरण करते हैं
(b) Only conclusions II and III follow/केवल निष्कर्ष II और III अनुसरण करते हैं
(c) Only conclusion I follows /केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है।
(d) Only conclusions I, II and IV follow /केवल निष्कर्ष I, II और IV अनुसरण करते हैं

**Ans. (c) :** कथनानुसार,




उपर्युक्त वेन आरेख से स्पष्ट है कि केवल निष्कर्ष 1 अनुसरण करता है।

**22. Select the option that is related to the fifth letter cluster in the same way as the second letter cluster is related to the first letter cluster and the fourth letter cluster is related to the third letter cluster.**

उस विकल्प का चयन करें, जो पाँचवे अक्षर - समूह से उसी तरह संबंधित है, जैसे दूसरा अक्षर - समूह पहले अक्षर - समूह से और चौथा अक्षर- समूह तीसरे अक्षर - समूह से संबंधित है।

**ROYAL : ALZRO : : ABOUT : UTPAB : : POLES : ?**

(a) FRMQN (b) FSNPR
(c) ESMPO (d) ESNPQ

**Ans. (c) :** दिया गया अक्षर समूह निम्नवत है।

जिस प्रकार,

1 2 3 4 5   4 5   1 2
R O Y A L : A L Z R O
Z = Y + 1

1 2 3 4 5   4 5   1 2
A B O U T : U T P A B
P = O + 1

उसी प्रकार,

1 2 3 4 5   4 5   1 2
P O L E S : E S M P O
L + 1 = M

अतः ? = ESMPO

**23. Which of the following numbers will replace the question mark (?) in the given series?**
**निम्नलिखित में से कौन - सी संख्या दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) को प्रतिस्थापित करेगी?**

**5, 3, 20, 9, 80, 27, 320, ?**

(a) 90 (b) 81
(c) 89 (d) 100

**Ans. (b) :** दी गई श्रृंखला निम्नवत् है-




अतः ? = 81

**24. According to the series given below, fill in the blank with a suitable letter that would satisfy the series.**
**नीचे दी गई श्रृंखला के अनुसार रिक्त स्थान की पूर्ति उस उपयुक्त अक्षर से कीजिए, जो श्रृंखला को पूरा करें।**

**Z, B, D, F, H, ———**

(a) I (b) K
(c) J (d) N

**Ans. (c) :** दी गई श्रृंखला निम्नवत् है-




अतः ? = J

**25. In a certain code language, 'SEQUINS' is written as 'HVJFKPU' and 'REACTED' is written as 'IVZXVGF'. How will 'PROCESS' be written in that language?**
**एक निश्चित कूट भाषा में 'SEQUINS' को 'HVJFKPU' और 'REACTED' को 'IVZXVGF' लिखा जाता है। उसी कूट भाषा में 'PROCESS' को कैसे लिखा जाएगा?**

(a) BDIUNMO (b) TRUIWDM
(c) KILXGUU (d) LOPKFGH

**Ans. (c) :** जिस प्रकार,




तथा




उसी प्रकार,




## Section : General Awareness

**1. K-selected species are characterised by:**
**K- चयनित प्रजातियों की विशेषताएं क्या हैं?**

(a) species possessing relatively stable populations and which tend to produce relatively low numbers of offspring/अपेक्षाकृत स्थिर आबादी रखने वाली प्रजातियाँ और जो अपेक्षाकृत कम संख्या में संतान पैदा करती हैं

(b) species possessing relatively stable populations and which tend to produce relatively large numbers of offspring /अपेक्षाकृत स्थिर आबादी रखने वाली प्रजातियां और जो अपेक्षाकृत बड़ी संख्या में संतान पैदा करती हैं

(c) species possessing relatively unstable populations and which tend to produce relatively large numbers of offspring/ अपेक्षाकृत अस्थिर आबादी वाली प्रजातियां और जो अपेक्षाकृत बड़ी संख्या में संतान पैदा करती हैं

(d) species possessing relatively stable populations and which tend to produce relatively low numbers of offspring /अपेक्षाकृत अस्थिर आबादी वाली प्रजातियां और जो अपेक्षाकृत कम संख्या में संतान पैदा करती हैं।

**Ans. (a) :** K–चयनित प्रजातियों में अपेक्षाकृत स्थिर आबादी होती है, जो पर्यावरण की वहन क्षमता के आसपास उतार-चढ़ाव करती है। इन प्रजातियों की विशेषता कम प्रजनन दर, लंबी जीवन अवधि, बड़ी शरीर संरचना और महत्वपूर्ण पैतृक देखभाल प्रदान करती है। ये प्रजातियाँ स्थिर वातावरण के लिए अनुकूल होती हैं और संसाधनों के लिए प्रतिस्पर्धा करती हैं। K–चयनित प्रजातियां कम संतान पैदा करती हैं, लेकिन प्रत्येक संतान को अधिक संसाधन और देखभाल प्रदान करती हैं।

2. **The term 'bishop' is associated with which game?/'बिशप' शब्द किस खेल से संबंधित है?**
(a) golf/गोल्फ
(b) basketball/बास्केटबाल
(c) chess/शतरंज
(d) hockey/हॉकी

**Ans. (c) :** 'बिशप' शब्द शतरंज के खेल से संबंधित है। यह शतरंज में एक मोहरा है, जो विकर्ण दिशा में चलता है। प्रत्येक खिलाड़ी के पास दो बिशप होते हैं, जो खेल के प्रारंभ में बोर्ड के अलग-अलग किनारों पर स्थित होते हैं। शतरंज, दो-खिलाड़ी रणनीति बोर्ड गेम है, जो 8×8 ग्रिड पर खेला जाता है। माना जाता है कि शतरंज की उत्पत्ति भारत में गुप्त साम्राज्य के दौरान हुई थी, जहाँ इसे चतुरंग के रूप में जाना जाता था।

3. **When Akbar introduced Mansabdari system, _________ was the lowest grade ofMansabdar.**
**जब अकबर ने मनसबदारी प्रणाली की शुरूआत की, तो ——— मनसबदार का सबसे निचला स्तर था।**
(a) one hundred/एक सौ
(b) ten/दस
(c) one thousand/एक हजार
(d) fifty/पचास

**Ans. (b) :** मनसबदारी वह प्रशासनिक व्यवस्था थी, जिसे मुगल सम्राट अकबर ने 1571 में लागू किया था। अकबर ने सैन्य और नागरिक प्रशासन के आधार पर इसे संस्थागत रूप दिया और इसमें सुधार किया। 'मनसब' शब्द अरबी भाषा से आया है। जिसका अर्थ है पद या रैंक। मनसबदारों का वेतन उनके पद के अनुरूप था। अकबर के शासनकाल में यह व्यवस्था लगभग पूरी तरह कारगर रही। औरंगजेब के शासन काल के दौरान मनसबदारों की संख्या में वृद्धि होने के कारण जागीरदारी और कृषि संकट उत्पन्न हुआ, जिसके परिणामस्वरूप मनसबदारी व्यवस्था का पतन हो गया। सर्वोच्च रैंक वाले मनसब की संख्या 10000 थी वहीं सबसे निम्न श्रेणी के मनसब की संख्या 10 थी।

4. **In which Harappan site was a paved bathroom found?**
**किस हड़प्पा स्थल में पक्का स्नान घर पाया गया था?**
(a) Kalibangan/कालीबंगा
(b) Banawali/बनावली
(c) Mohenjodaro/मोहनजोदड़ो
(d) Dholavira/धोलावीरा

**Ans. (c) :** मोहनजोदड़ो, जिसका शाब्दिक अर्थ है, 'मृत्तकों का टीला' सिंधु घाटी सभ्यता के महत्वपूर्ण स्थलों में से एक है। सिंधु घाटी सभ्यता के स्थल पाकिस्तान-ईरान सीमा के पास बलूचिस्तान में सुत्कागेंडोर से लेकर उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले के आलमगीरपुर तक और जम्मू के मांडा से लेकर महाराष्ट्र के दैमाबाद तक फैले एक बड़े क्षेत्र में पाए गए हैं। मोहनजोदड़ो की खोज वर्ष 1922 में राखाल दास बनर्जी ने की थी। महान स्नानागार, लगभग 12 मीटर लंबा और 7 मीटर चौड़ा है, जिसकी अधिकतम गहराई 2.4 मीटर है। उत्तर और दक्षिण दिशा से टैंक में नीचे जाने के लिए दो चौड़ी सीढ़ियाँ हैं और सीढ़ियों के किनारों पर छोटे-छोटे सॉकेट में लकड़ी के तख्ते या पायदान रखे हुए हैं।

5. **Which of the following classical dance forms has originated in Andhra Pradesh?**
**निम्नलिखित में से किस शास्त्रीय नृत्य की उत्पत्ति आंध्र प्रदेश में हुई है?**
(a) Kathak/कथक
(b) Kuchipudi/कुचिपुड़ी
(c) Bharatnatyam/भरतनाट्यम
(d) Kathakali/कथकली

**Ans. (b) :** कुचिपुड़ी एक प्रसिद्ध शास्त्रीय नृत्य शैली है जिसकी उत्पत्ति भारत के आंध्र प्रदेश राज्य के कृष्णा जिले के कुचिपुड़ी नामक गांव से हुई है। यह मुख्य रूप से एक एकल प्रदर्शन है, जिसमें नर्तक अक्सर भगवान कृष्ण से संबंधित कहानियों और हिंदू पौराणिक कथाओं के दृश्यों को चित्रित करते है। वहीं, कथक उत्तर भारत का भरतनाट्यम तमिलनाडु का और कथकली केरल के शास्त्रीय नृत्य से संबंधित है।

6. **Technetium, the first artificially produced element used in many medical diagnostic imaging scans, is found in which group of the periodic table?**
**कृत्रिम रूप से निर्मित पहला तत्व, टेक्नेटियम (Technetium) जो कई चिकित्सीय नैदानिक इमेजिंग स्कैन में उपयोग किया जाता है, आवर्त सारणी के किस समूह में पाया जाता है?**
(a) Group 14/समूह 14
(b) Group 12/समूह 12
(c) Group 19/समूह 19
(d) Group 7/समूह 7

**Ans. (d) :** टेक्नेटियम ($T_C$) एक रेडियोधर्मी रासायनिक तत्व है। जिसका परमाणु क्रमांक 43 है। यह आवर्त सारणी के समूह 7 में स्थित है यह समूह संक्रमण धातुओं का एक हिस्सा है। टेक्नेटियम पहला तत्व था जिसे कृत्रिम रूप से संश्लेषित किया गया था, और यह अपने विभिन्न समस्थानिकों (विशेषकर टेक्नेटियम – 99 m) के लिए चिकित्सा में व्यापक रूप से उपयोग किया जाता है। जिसका उपयोग इमेजिंग स्कैन (जैसे हड्डी स्कैन) में नैदानिक उद्देश्यों के लिए किया जाता है।

7. **In December 1929, Jawaharlal Nehru, President of Indian National Congress, formally demanded __________ from British Government.**
**दिसंबर 1929 में, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष जवाहरलाल नेहरू ने औपचारिक रूप से ब्रिटिश सरकार से ——— की मांग की।**
(a) fundamental rights/मौलिक अधिकार
(b) complete freedom/पूर्ण स्वतंत्रता
(c) civil rights/नागरिक अधिकार
(d) dominion status/डोमिनियन स्थिति

**Ans. (b) :** दिसम्बर, 1929 में, लाहौर अधिवेशन में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष के रूप में, 'जवाहरलाल नेहरू ने "पूर्ण स्वतंत्रता" (पूर्ण स्वराज) की मांग की थी। इस अधिवेशन में यह संकल्प लिया गया कि भारत को ब्रिटिश शासन से पूर्ण स्वतंत्रता प्राप्त करनी चाहिए, न कि केवल डोमिनियन का दर्जा। 26 जनवरी, 1930 को पूर्ण स्वराज दिवस के रूप में मनाया गया और स्वतंत्रता की शपथ ली गई।

**8. The first train steamed off from Mumbai to ________.**
**पहली ट्रेन मुंबई से ——— के लिए रवाना हुई थी।**

(a) Pune/पुणे (b) Thane/ठाणे
(c) Malad/मलाड (d) Nagpur/नागपुर

**Ans. (b) :** 172 वर्ष पहले, गवर्नर जनरल लॉर्ड डलहौजी के शासनकाल में, भारत की पहली यात्री ट्रेन 16 अप्रैल, 1853 को मुंबई (बांम्बे) के बोरी बंदर से ठाणे के लिए रवाना हुई थी। उस दिन वहां सार्वजनिक अवकाश घोषित कर दिया गया था और उस दिन को यादगार बनाने के लिए दोपहर तीन बजकर, पैंतिस मिनट पर 21 तोपों की सलामी के साथ 14 डिब्बों की ट्रेन जो 34 किलोमीटर की दूरी तय की थी को रवाना की गई थी।

**9. Which of the following is NOT an Indian tournament?**
**निम्नलिखित में से कौन-सा भारतीय टूर्नामेंट नहीं है?**

(a) Santosh Trophy/संतोष ट्रॉफी
(b) Subroto Cup/सुब्रतो कप
(c) UEFA Champions League/यूईएफए चैपियंस लीग
(d) Durand Cup/डूरंड कप

**Ans. (c) :** संतोष ट्रॉफी, सुब्रतो कप और डूरंड कप तीनों भारत में खेले जाने वाले फुटबॉल टूर्नामेंट है। संतोष ट्रॉफी एक राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता है, सुब्रतो कप एक अंतर-विद्यालयीय फुटबॉल टूर्नामेंट है, और डूरंड कप दुनिया की तीसरी सबसे पुरानी फुटबॉल प्रतियोगिता है और भारत की सबसे पुरानी। यूईएफए चैंपियंस लीग (UEFA) यूरोपिय फुटबॉल संघों– द्वारा आयोजित एक वार्षिक क्लब फुटबॉल प्रतियोगिता है जिसमें यूरोपीय क्लबों के शीर्ष-डिवीजन टीमें प्रतिस्पर्धा करती है। यह एक यूरोपीय टूर्नामेंट है।

**10. On the 46th Civil Accounts Day, as a part of 'Ease of Doing Business (EoDB) and Digital India eco-system', the Government of India introduced which of the following?**
**46 वें नागरिक लेखा दिवस पर, ईज ऑफ डूइंग बिजनेस (EoDB) और डिजिटल इंडिया इको - सिस्टम' के एक भाग के रूप में, भारत सरकार ने निम्नलिखित में से किसे पेश किया?**

(a) Digi-bill processing system/डिजी-बिल प्रोसेसिंग सिस्टम
(b) E-bill processing system/ई- बिल प्रोसेसिंग सिस्टम
(c) Sahaj system/सहज सिस्टम
(d) Saral system/सरल सिस्टम

**Ans. (b) :** ईज ऑफ डूइंग बिजनेस (EODB) और डिजिटल इंडिया इको-सिस्टम के एक भाग के रूप में, भारत सरकार ने 46वें नागरिक लेखा दिवस (सिविल अकाउंट्स डे) पर ई-बिल प्रोसेसिंग सिस्टम को पेश किया। इसका उद्देश्य सरकार के वित्तीय लेनदेन और बिलिंग प्रक्रियाओं में पारदर्शिता, दक्षता और जवाबदेही बढ़ाना है। इसके अलावा इसको डिजिटल करने से, सरकार का इरादा कागजी कार्यवाई को कम करना, देरी को कम करना और समय पर भुगतान सुनिश्चित करना है।

**11. Which of the following classes has the largest number of animals?**
**निम्नलिखित में से किस वर्ग में जंतुओं की संख्या सबसे अधिक है?**

(a) Reptiles/सरीसृप (b) Pisces /मत्स्य
(c) Insects/कीट (d) Mammals/स्तनधारी

**Ans. (c) :** जंतु जगत में कीट (Insecta) वर्ग में जीवों की संख्या सर्वाधिक है। ये कीट, आर्थ्रोपोड़ा संघ के अंतर्गत है। आर्थ्रोपोड द्विपक्षीय रूप से सममित, मेटामेरिक रूप से खंडित जानवरों में एक चिटिनस एक्सोस्केलेटन होते है आर्थ्रोपोडा 'पशु जगत' का सबसे बड़ा केंद्र है। इसमें सभी आवासों में लगभग 1,13,40,000 प्रजातियाँ शामिल है। यह पृथ्वी पर सभी ज्ञात जानवरों की प्रजातियों का लगभग 83% है।

**12. Why I Am An Atheist is the autobiography of which Indian freedom fighter?**
**वाई आई एम एन एथिस्ट किस भारतीय स्वतंत्रता सेनानी की आत्मकथा है?**

(a) Bhagat Singh/भगत सिंह
(b) Lala Lajpat Rai/लाला लाजपत राय
(c) Sarojini Naidu/सरोजिनी नायडू
(d) Subhash Chandra Bose/सुभाष चंद्र बोस

**Ans. (a) :** "वाई आई एम एन एथिस्ट" (Why I. am an atheist) भारतीय क्रांतिकारी भगत सिंह द्वारा लिखित एक प्रसिद्ध निबंध है। यह निबंध उन्होंने लाहौर सेंट्रल जेल में रहते हुए लिखा था, जहाँ उन्होंने अपने नास्तिक विचारों और क्रांतिकारी दर्शन को विस्तार से समझाया था। यह भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में एक महत्वपूर्ण दस्तावेज है।

**13. Thaneswar where the Vardhana dynasty ruled around the present-day state of________.**
**थानेश्वर जहां वर्धन राजवंश ने शासन किया, वर्तमान में ——— राज्य है।**

(a) Haryana/हरियाणा
(b) Rajasthan/राजस्थान
(c) Gujarat/गुजरात
(d) Madhya Pradesh/मध्य प्रदेश

**Ans. (a) :** थानेश्वर, जहाँ वर्धन राजवंश ने शासन किया था वर्तमान में हरियाणा राज्य के कुरुक्षेत्र जिले में स्थित है। वर्धन राजवंश जिसे पुष्यभूति राजवंश के रूप में भी जाना जाता है 6वीं और 7वीं शताब्दी के दौरान उत्तरी भारत का एक प्राचीन महत्वपूर्ण शहर था। प्रसिद्ध शासक हर्षवर्धन ने अपनी राजधानी को थानेश्वर से कन्नौज स्थानांतरित कर दिया था, लेकिन थानेश्वर का एक ऐतिहासिक महत्व बना रहा है।

**14. On 7th March 2022, the Government initiated a scheme to re-enrol out-of-school adolescent girls (OoS AG) in the age group of 11-14 years. What is the name of the scheme?**
**7 मार्च 2022 को, सरकार ने 11 - 14 वर्ष के आयु वर्ग में स्कूल से निकली किशोर लड़कियों (OoS AG) को फिर से नामांकित करने के लिए एक योजना शुरू की। योजना का नाम क्या है?**

(a) Rashtriya Madhyamik Shiksha Abhiyan/ राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान
(b) Kanya Shiksha Pravesh Utsav/कन्या शिक्षा प्रवेश उत्सव
(c) National Scheme of Incentives to Girls for Secondary Education/माध्यमिक शिक्षा के लिए लड़कियों को प्रोत्साहन की राष्ट्रीय योजना
(d) Prerna Scheme/प्रेरणा योजना

**Ans. (b) :** 7 मार्च, 2022 को, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, शिक्षा मंत्रालय और यूनिसेफ (UNICEF) ने संयुक्त रूप से ''कन्या शिक्षा प्रवेश उत्सव'' नामक एक अभियान शुरू किया इस अभियान का मुख्य उद्देश्य 11 से 14 वर्ष की आयु वर्ग की उन किशोर लड़कियों को वापस स्कूल में नामांकित करना था। जिन्होंने किसी भी कारण से अपनी पढ़ाई छोड़ दी थी। यह योजना 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' अभियान के एक भाग के रूप में शुरू हुई थी जिसका लक्ष्य लड़कियों की शिक्षा और सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है।

**15. From the given alternatives, identify an inner planet.**
**दिए गए विकल्पों में से आंतरिक ग्रह की पहचान करें।**

(a) Saturn/शनि (b) Jupiter/बृहस्पति
(c) Mercury/बुध (d) Uranus/वरुण

**Ans. (c) :** हमारे सौरमंडल में, ग्रहों को उनकी सूर्य से दूरी और संरचना के आधार पर मोटे तौर पर दो श्रेणियों में बांटा गया है आंतरिक (या स्थलीय) ग्रह और बाहरी (या गैस दानव) ग्रह।

**आंतरिक ग्रह (Inner Planets) :–** ये वे ग्रह है जो सूर्य के सबसे करीब होते है और मुख्य रूप से चट्टानों और धातुओं से बने होते हैं। इनमें बुध, शुक्र, पृथ्वी, और मंगल शामिल है।

**बाहरी ग्रह (Outer Plantes) :–** ये वे ग्रह है जो सूर्य से अधिक दूर है और मुख्य रूप से गैसों (हाइड्रोजन और हीलियम) और बर्फ से बने है इनमें बृहस्पति, शनि, यूरेनस, नेपच्यून शामिल है।

**16. What is the name of the farmer's parliament formed by the villagers in 1999 with the primary objective of safeguarding community efforts to conserve and utilise their scarce natural resources?**
**1999 में ग्रामीणों द्वारा अपने दुर्लभ प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण और उपयोग के लिए सामुदायिक प्रयासों की सुरक्षा के प्राथमिक उद्देश्य से गठित किसान संसद का नाम क्या है?**

(a) Kulsi Sansad/कुलसी संसद
(b) Arvari Sansad/अरवरी संसद
(c) Renuka Sansad/रेणुका संसद
(d) Siddhi Sansad/सिद्धि संसद

**Ans. (b) :** अरवरी संसद 1999 में ग्रामीणों द्वारा बनाई गई किसान संसद का नाम है इसका मुख्य उद्देश्य अपने दुर्लभ प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण और उपयोग के लिए सामुदयिक प्रयासों की रक्षा करना है। अरवरी संसद का गठन स्थानीय शासन और प्राकृतिक संसाधनों के प्रबंधन के क्षेत्र में एक अग्रणी प्रयास था कि कैसे समुदाय के नेतृत्व वाली पहल पर्यावरणीय चुनौतियों को प्रभावी ढंग से संबोधित कर सकती है। अरवरी संसद क्षेत्र में स्थायी कृषि पद्धतियों और जल संरक्षण को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

**17. In which of the following places the Indian National Congress passed the resolution of Purna Swaraj?**
**निम्नलिखित में से किस स्थान पर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने ''पूर्ण स्वराज'' का प्रस्ताव पारित किया था?**

(a) Bombay/बॉम्बे (b) Lahore/लाहौर
(c) Madras/मद्रास (d) Karachi/कराची

**Ans. (b) :** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने 31 दिसम्बर, 1929 को लाहौर अधिवेशन में 'पूर्ण स्वराज' का ऐतिहासिक प्रस्ताव पारित किया था। इस अधिवेशन की अध्यक्षता जवाहरलाल नेहरू ने की थी। यह प्रस्ताव भारत के लिए ब्रिटिश शासन से पूर्ण स्वतंत्रता प्राप्त करने के लक्ष्य को निर्धारित करने वाला एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुआ था। इसी प्रस्ताव के बाद 26 जनवरी, 1930 को पूरे भारत में 'स्वतंत्रता दिवस' के रूप में मनाया गया था।

**18. As per the 2011 census, what is the density of population in Arunachal Pradesh?**
**2011 की जनगणना के अनुसार, अरुणाचल प्रदेश में जनसंख्या धनत्व कितना है?**

(a) 17 persons/$km^2$/17 व्यक्ति $km^2$
(b) 18 persons/$km^2$/18 व्यक्ति $km^2$
(c) 19 persons/$km^2$/19 व्यक्ति $km^2$
(d) 20 persons/$km^2$/20 व्यक्ति $km^2$

**Ans. (a) :** 2011 की जनगणना के अनुसार, भारत में सबसे कम जनसंख्य घनत्व वाला राज्य 'अरुणाचल प्रदेश' में है (17 व्यक्ति/वर्ग किलोमीटर) और सबसे अधिक जनसंख्या घनत्व 'बिहार' में है (1106 व्यक्ति/वर्ग किलोमीटर) इसके बाद क्रमशः पश्चिम बंगाल (1028), केरल (860), उत्तर प्रदेश (829) है।
2011 की जनगणना के अनुसार, भारत की जनसंख्या का औसत घनत्व 382 व्यक्ति प्रति किलोमीटर था, यह जनसंख्या घनत्व 2001 की तुलना में 17.72% बढ़ा था, जब यह 325 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर था।

**19. Who has been named the new CEO of the Food Safety and Standards Authority of India (FSSAI) in December 2022?**
**दिसंबर 2022 में भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (FSSAI) का नया (CEO) किसे नामित किया गया है?**

(a) Ganji Kamala V Rao/गंजी कमला वी. राव
(b) Manish Mani Tiwari/मनीष मणि तिवारी
(c) Prasanna K Sharma/प्रसन्ना के. शर्मा
(d) Ramesh Chander/रमेश चंदेर

**Ans. (a) :** दिसम्बर, 2022 में गंजी कमला वी. राव को भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (FSSAI) का मुख्य कार्यकारी अधिकारी CEO नियुक्त किया गया था। FSSAI भारत में खाद्य सुरक्षा और विनियमन के लिए जिम्मेदार एक स्वायत निकाय है। यह खाद्य उत्पादों के लिए मानक स्थापित करता है और उनके निर्माण, भंडारण वितरण, बिक्री और आयात को विनियमित करके सार्वजनिक स्वास्थ्य की रक्षा करता है।

- FSSAI (भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण) की स्थापना. खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम 2006 के तहत 2008 में हुई थी।

**20. The festival of Eid Milad-un-Nabi is celebrated in which of the following Islamic months?**
**ईद मिलाद-उन-नबी का त्योहार निम्नलिखित में से किस इस्लामी महीने में मनाया जाता है?**

(a) Rajab/रजब
(b) Safar/सफर
(c) Rabi' al-Awwal/रबी अल-अव्वल
(d) Muharram/मुहर्रम

**Ans. (c) :** ईद मिलाद-उन-नबी इस्लाम के पैगंबर मुहम्मद के जन्म के याद में मनाया जाने वाला एक त्योहार है। यह इस्लामी कैलेंडर के तीसरे महीने, रबी अल-अव्वल (रबीउल अव्वल) की 12 तारीख को मनाया जाता है। यह दिन, दुनिया भर के मुसलमानों द्वारा प्रार्थना, जुलूस और पैगंबर मुहम्मद के जीवन और शिक्षाओं को याद करने के लिए मनाया जाता है।

**21. Which of the following statements is NOT correct about the Attorney General of India?**
**निम्नलिखित में से कौन - सा कथन भारत के महान्यायवादी के बारे में सही नहीं है?**

(a) A person qualified to be appointed as the judge of the Supreme Court is eligible for the office of the Attorney General of India/ सर्वोच्च न्यायालय के न्यायधीश के रूप में नियुक्त होने के योग्य व्यक्ति भारत का महान्यायवादी बनने के लिए पात्र होता है।
(b) He/She is appointed by the Prime Minister of India/भारत के प्रधानमंत्री द्वारा उनकी नियुक्ति की जाती है।
(c) He/She is considered the highest law officer in the country/उन्हें देश का सर्वोच्च विधि अधिकारी माना जाता है।
(d) Article 76 provides for the Attorney General of India/अनुच्छेद 76 में भारत के महान्यायवादी के पद का प्रावधान है।

**Ans. (b) :** भारत के महान्यायवादी की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा की जाती है न कि प्रधानमंत्री द्वारा की जाती है। अतः विकल्प (b) गलत है।

- महान्यायवादी (Attorney General of India) भारत सरकार का सर्वोच्च विधि अधिकारी होता है यह पद भारतीय संविधान के अनुच्छेद 76 के तहत बनाया गया है।
- महान्यायवादी बनने के लिए किसी व्यक्ति को सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में नियुक्त होने की योग्यता होनी चाहिए।
- महान्यायवादी का कोई निश्चित कार्यकाल निर्धारण नहीं है यह राष्ट्रपति के प्रसादपर्यंत पद धारण करता है।

**22. From which country were the ideals of justice of the Indian Constitution borrowed?**
**भारतीय संविधान के न्याय के आदर्श किस देश से गृहीत किए गए थे?**

(a) Japan/जापान
(b) The USSR/यूएसएसआर (USSR)
(c) The US/यूएस (US)
(d) The UK/यूके (UK)

**Ans. (b) :** भारतीय संविधान में 'न्याय' (सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक) के आदर्शों को तत्कालीन सोवियत संघ (USSR) के संविधान की प्रस्तावना में निहित है और कल्याणकारी राज्य की अवधारणा को दर्शाता है। ये आदर्श सुनिश्चित करते है कि सभी नागरिकों को बिना किसी भेदभाव के सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय मिले।

अन्य विकल्प जापान से भारतीय संविधान में विधि द्वारा स्थापित प्रक्रिया को, अमेरिका से मौलिक अधिकारों और न्यायिक समीक्षा को और ब्रिटेन से संसदीय शासन प्रणाली, द्विसदनीय व्यवस्था को शामिल किया गया है।

**23. In April 2022, the Prime Minister Street Vendor's Atma Nirbhar Nidhi (PM SVANidhi) scheme was extended till December _______.**
**अप्रैल 2022 में, प्रधान मंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि ( पी. एम. स्वनिधि PM SVANIdhi) योजना को ——— दिसंबर तक बढ़ा दिया गया था।**

(a) 2024 (b) 2026
(c) 2025 (d) 2023

**Ans. (a) :** अप्रैल 2022 में, पीएम स्वनिधि-योजना, जिसे प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि भी कहा जाता है, को दिसंबर 2024 तक बढ़ा दिया गया था। इस योजना के तहत ऋण देने की अवधि को दिसंबर 2024 तक बढ़ाया गया है और सभी ऋणों पर ऋण गांरटी और ब्याज सब्सिडी दावों का भुगतान मार्च 2028 तक किया जाएगा। इस योजना के तहत स्ट्रीट वेंडर्स को 10,000 रूपये तक का कार्यशील पूंजी ऋण दिया जाता है।

**24. Which of the following Articles of the Constitution of India states about the executive power of the Union?**
**भारतीय संविधान का निम्नलिखित में से कौन-सा अनुच्छेद संघ की कार्यकारी शक्ति के बारे में बताता है?**

(a) Article 55/अनुच्छेद 55
(b) Article 53/अनुच्छेद 53
(c) Article 54/अनुच्छेद 54
(d) Article 52/अनुच्छेद 52

**Ans.** (b) **:** भारतीय संविधान का अनुच्छेद 53 संघ की कार्यकारी शक्ति के बारे में बताता है।

अनुच्छेद-55- भारत के संविधान में राष्ट्रपति के चुनाव के तरीके का उल्लेख है।

अनुच्छेद-54- भारत के राष्ट्रपति के चुनाव की प्रक्रिया को निर्धारित करता है।

अनुच्छेद-52- में भारत के राष्ट्रपति के पद का प्रावधान किया गया है।

**25. Natya Sangeet is a form of musical play in classical music still prevalent inMaharashtra. Bal Gandharava is an exponent of this musical form. What is actual name of Balgandharva?**
**शास्त्रीय संगीत में, नाट्य संगीत, संगीत नाटक का एक रूप है, जो महाराष्ट्र में आज भी प्रचलित है। बाल गंधर्व इस संगीत रूप के प्रतिपादक हैं। उनका वास्तविक नाम क्या है?**

(a) Vishnu Narayan Bhatkhand/विष्णु नारायण भातखंडे
(b) Narayan Shripad Rajhans/नारायण श्रीपाद राजहंस
(c) Vishnu Digambar Paluskar/विष्णु दिगंबर पलुस्कर
(d) Mallikarjun Mansur/मल्लिकार्जुन मंसूर

**Ans.** (b) **:** शास्त्रीय संगीत में, नाट्य संगीत, संगीत नाटक का एक रूप है, जो महाराष्ट्र में आज भी प्रचलित है। बाल गंधर्व इस संगीत रूप के प्रतिपादक हैं। उनका वास्तविक नाम नारायण श्रीपाद राजहंस है। ये मराठी के महानतम गायकों और रंगमंच अभिनेताओं में से एक थे। वे मराठी नाटकों में महिला पात्रों की भूमिका के लिए प्रसिद्ध थे, क्योंकि उस समय महिलाओं को मंच पर अभिनय करने की अनुमति नहीं थी।

# Section : Quantitative Aptitude

**1. A sum of ₹ 2,400 gives a simple interest of ₹ 378 in 2 years 4 months. What is the rate ofinterest per annum?**
**₹2,400 की राशि पर 2 वर्ष 4 माह में ₹378 का साधारण ब्याज मिलता है। प्रति वर्ष ब्याज दर कितनी है?**

(a) 6.95% (b) 7.05%
(c) 6.85% (d) 6.75%

**Ans. (d) :** साधारण ब्याज = $\frac{P \quad R \quad T}{100}$

P = ₹2400
S.I = ₹ 378

T = 2 वर्ष 4 माह = $2 \quad \frac{4}{12} \quad 2\frac{1}{3} \quad \frac{7}{3}$ वर्ष

$378 \quad \frac{400 \quad R \quad \frac{7}{3}}{100}$

$R = \frac{300 \quad 378}{2400 \quad 7} = 6.75\%$

**2. If the cylinder height is 9 cm and the base area is 25 π cm 2, then find the total surfacearea.**
**यदि बेलन की ऊँचाई 9cm है और आधार का क्षेत्रफल 25  $cm^2$ है, तो संपूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।**

(a) 440 $cm^2$ (b) 340 $cm^2$
(c) 140 $cm^2$ (d) 240 $cm^2$

**Ans. (a) :** दिया हैं– ऊँचाई (h) = 9cm

आधार का क्षेत्रफल = 25  $cm^2$

$r^2 = 25$

$r^2 = 5$

r = 5cm

संपूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल = 2  r (r + h)

$2 \quad \frac{22}{7} \quad 5 \quad 5 \quad 9$

= 440$cm^2$

**3. A train passes a 500 m long platform in 12 seconds and a man standing on theplatform in four seconds. Find the speed of the train.**
**एक ट्रेन 500m लंबे प्लेटफार्म को 12 सेकंड में और प्लेटफॉर्म पर खड़े एक व्यक्ति को चार सेकंड में पार करती है। ट्रेन की चाल ज्ञात करें।**

(a) 252.5 km/h (b) 152.5 km/h
(c) 225 km/h (d) 125 km/h

**Ans. (c) :** चाल $\frac{\text{दूरी}}{\text{समय}} = \frac{500}{12 \quad 4} = \frac{500}{8} = 62.5 m/s$

$62.5 \quad \frac{8}{5}$

= 225 km/h

**4. The average age of all the students of a class is 18 years. The average age of the boysof the class is 19 years and of the girls is 14 years. If the number of girls in the class is30, then what is the number of boys in the class?**

**एक कक्षा के सभी विद्यार्थियों की औसत आयु 18 वर्ष है। कक्षा के लड़कों की औसत आयु 19 वर्ष और लड़कियों की औसत आयु 14 वर्ष है। यदि कक्षा में लड़कियों की संख्या 30 है, तो कक्षा में लड़कों की संख्या कितनी है?**

(a) 100 (b) 120
(c) 140 (d) 110

**Ans. (b) :** माना लड़कों की संख्या = x

लड़कियों की संख्या = 30

लड़कियों की कुल आयु = $30 \times 14 = 420$

लड़कों की औसत आयु = 19 वर्ष

लड़कों की कुल आयु = $19 \times x = 19x$

कुल विद्यार्थी की संख्या = x + 30

सभी विद्यार्थी की कुल आयु $= 18 \times (x + 30)$

$$18(x + 30) = 19x + 420$$
$$x = 120$$

**5. Sanjana borrows ₹16,000 at24% per annum simple interest and Savithri borrows₹18,200 at 20% per annum simple interest. In how many years will their amounts ofdebts be equal?**

**संजना 24% के वार्षिक साधारण ब्याज पर ₹16,000 उधार लेती है और सावित्री 20% के वार्षिक साधारण ब्याज पर ₹18,200 उधार लेती है। कितने वर्षों में उनकी ऋण राशि बराबर हो जाएगी?**

(a) 11 year/वर्ष (b) 12 year/वर्ष
(c) 15 year/वर्ष (d) 10 year/वर्ष

**Ans. (a) :** दिया है–

$P_1$ = ₹16000

$R_1 = 24\%$

$T_1$ = t वर्ष

संजना ($S_1$) –

$$S.I = \frac{P_1\ \ R_1\ \ T_1}{100} = \frac{16000\ \ 24\ \ t}{100}$$
$$= 3840t$$

सावित्री ($S_2$) –

$P_2$ = ₹18200

$R_2 = 20\%$

$T_2$ = t वर्ष

$$S.I = \frac{18200\ \ 20\ \ t}{100} = 3640t$$

∵ दोनों की बराबर है ऋण राशि

$$16000 + 3840T = 18200 + 3640t$$
$$200t = 2200$$
$$t\ \ \frac{2200}{200}$$

t = 11 वर्ष

**6. A 4-digit number '34PQ' divisible by 3, 5 and 7. Find the value of P+Q.**

**'34PQ' चार अंको की एक ऐसी संख्या है जो 3,5 और 7 से विभाज्य है। P + Q का मान ज्ञात कीजिए।**

(a) 11 (b) 10
(c) 12 (d) 13

**Ans. (a) :** प्रश्नानुसार,

$3 \times 5 \times 7 = 105$ का गुणज होना चाहिए।

105 का पहला गुणज जो 3400 से बड़ा या बराबर $105 \times 32 = 3360$, जो 3400 से कम हो

$105 \times 33 = 3465$

P = 6, Q = 5

P + Q = 6 + 5 = 11

**7. A shopkeeper expects a gain of 36% on his cost price. If in a month, his sale was₹ 6,14,856, then what was his profit (in ₹ )?**

**एक दुकानदार अपने क्रय मूल्य पर 36% लाभ की उम्मीद करता है। यदि एक महीने में उसकी बिक्री ₹6,14,856 थी, तो उसका लाभ ( ₹ में ) कितना था?**

(a) 1,62,756 (b) 1,62,800
(c) 1,61,235 (d) 1,63,900

**Ans. (a) :** माना क्रय मूल्य = ₹100

विक्रय मूल्य = 100 + 36 = ₹136

₹136 की बिक्री पर लाभ = ₹36

₹1 की बिक्री पर लाभ $= \frac{36}{136}$

₹614856 के बिक्री पर लाभ $= \frac{6}{136}\ \ 614856$

= ₹162756

**8. In an election between two candidates, 75% of the voters cast their votes, out of which4% of the votes were declared invalid. A candidate got 9504 votes, which were 80% ofthe valid votes. Find the total number of votes enrolled in that election.**

**दो उम्मीदवारों के बीच हुए एक चुनाव में, 75% मतदाताओं ने अपने मत डाले, जिनमें से 4% मत अवैध घोषित कर दिए गए। एक उम्मीदवार को 9504 मत प्राप्त हुए, जो वैध मतों के 80% थे। उस चुनाव में नामांकित मतों की कुल संख्या ज्ञात कीजिए।**

(a) 12,672 (b) 13,200
(c) 16,500 (d) 12,375

**Ans. (c) :** वैध मतों की संख्या $= \frac{9504\ \ 100}{80}\ \ 11880$

कुल डाले गए मतों की संख्या $= \frac{11880\ \ 100}{100\ \ 4}\ \ 12375$

कुल नामांकित मतदाताओं की संख्या $= \frac{12375\ \ 100}{75} = 16500$

**9. Kajal offers two successive discounts of 10% and 8% on the sale of a cosmetic item toher customer. What is the equivalent single percentage discount offered by Kajal?**

**काजल अपने ग्राहक को किसी कॉस्मेटिक वस्तु की बिक्री पर 10% और 8% को दो क्रमिक छूट देती है। काजल द्वारा दी गई समतुल्य एकल प्रतिशत छूट कितनी है?**

(a) 17.2% (b) 17.4%
(c) 17.8% (d) 17.6%

**Ans. (a) :** दो क्रमिक छूट के लिए–

$$a \quad b \quad \frac{a \quad b}{100}$$

$$= 10 + 8 - \frac{10 \quad 8}{100} = 17.2\%$$

**10. ₹ 1,380 has to be paid after 4 years. If four equal instalments are required with a simpleinterest of 10% on each instalment, then what is the value of each instalment?**

**₹1,380 का भुगतान 4 वर्ष बाद करना है। यदि प्रत्येक किस्त पर 10% साधारण ब्याज वाली चार समान किस्तों की आवश्यकता है, तो प्रत्येक किस्त का मूल्य क्या है?**

(a) ₹300 (b) ₹200
(c) ₹500 (d) ₹400

**Ans. (a) :** माना प्रत्येक किस्त का मूल्य = ₹x

पहली किस्त – यह 4 साल के लिए अतः 3 साल पर ब्याज लगेगा

ब्याज = $\frac{x \quad 10}{100} \quad 3 \quad \frac{3x}{10}$

राशि = $x \quad \frac{3x}{10} \quad \frac{13x}{10}$

दूसरी किस्त – 3 साल के लिए अतः 2 साल पर ब्याज लगेगा।

ब्याज = $x \quad \frac{10}{100} \quad 2 \quad \frac{2x}{10}$

राशि = $x \quad \frac{2x}{10} \quad \frac{12x}{10}$

तीसरी किस्त – 2 साल के लिए अतः 1 साल पर ब्याज लगेगा

ब्याज = $x \quad \frac{10}{100} \quad 1 \quad \frac{x}{10}$

राशि = $x \quad \frac{x}{10} \quad \frac{11x}{10}$

चौथी किस्त – कोई ब्याज नहीं लगेगा।

राशि = x

$$\frac{13x}{10} + \frac{12x}{10} + \frac{11x}{10} + x = 1380$$

$$\frac{13x \quad 12x \quad 11x \quad 10x}{10} \quad 1380$$

$$\frac{46x}{10} \quad 1380$$

$$x = \frac{1380 \quad 10}{46} = ₹300$$

**11. A salesman purchases goods at ₹ 1,250 and is forced to sell it at ₹ 1,000. Find his losspercentage.**

**एक सेल्समैन ₹1,250 में सामान खरीदता है और उसे ₹1,000 में बेचने के लिए मजबूर किया जाता है। उसका हानि प्रतिशत ज्ञात कीजिए।**

(a) 30% (b) 20%
(c) 15% (d) 25%

**Ans. (b) :** विक्रय मूल्य = ₹1000

क्रय मूल्य = ₹1250

हानि = 1250−1000

= ₹250

हानि% = $\frac{\text{हानि} \quad 100}{\text{क्रय मूल्य}}$

$= \frac{250 \quad 100}{1250} \quad 20\%$

**12. The radius of a hemisphere is 9 cm. Its volume will be:**

**एक अर्द्धगोले की त्रिज्या 9cm है। इसका आयतन ज्ञात कीजिए।**

(a) 486 $cm^3$ (b) 972 $cm^3$
(c) 712 $cm^3$ (d) 243 $cm^3$

**Ans. (a) :** अर्द्धगोले का आयतन (V) $\frac{2}{3} \quad r^3$

r = 9cm

$V = \frac{}{3} \quad 9^3$

V = 486 $cm^3$

**13. If two-fifth of three-eighth of one-sixth of a certain number is 52, what is 40% of thenumber?**

**यदि एक निश्चित संख्या के एक -छठे हिस्से के तीन - आठवें हिस्से का दो - पांचवां हिस्सा 52 है, तो संख्या का 40% क्या है?**

(a) 832 (b) 2080
(c) 1248 (d) 1664

**Ans. (a) :** माना संख्या x है
प्रश्नानुसार–

पहली संख्या के $\frac{1}{6}$ भाग = $\frac{x}{6}$

$\frac{x}{6}$ का $\frac{3}{8}$ भाग = $\frac{3}{8}$ $\frac{x}{6}$ $\frac{3x}{48}$ $\frac{x}{16}$

$\frac{x}{16}$ का $\frac{2}{5}$ भाग = 52

$\frac{x}{16}$ $\frac{2}{5}$ 52

x = 2080

संख्या का 40%

$\frac{40}{100}$ 2080

= 832

**14. If the cost price of a tale is ₹400 and the selling price is ₹600, then find the profit percentage.**
**यदि एक मेज का क्रय मूल्य ₹400 और विक्रय मूल्य ₹600 है, तो लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए।**

(a) 50% (b) 33%
(c) 55% (d) 45%

**Ans. (a) :** विक्रय मूल्य = 600
क्रय मूल्य = 400
लाभ = 600 − 400
= 200

लाभ% = $\frac{\text{लाभ} \quad 100}{\text{क्रय मूल्य}}$ = $\frac{200 \quad 100}{400}$

= 50%

**15. If class A has 11 boys and 18 girls, class B has 13 boys and 17 girls, and class C has20 boys and 9 girls, which class has the biggest ratio(s) of boys to girls?**
**यदि कक्षा A में 11 लड़के और 18 लड़कियां हैं, कक्षा B में 13 लड़के और 17 लड़कियां हैं, और कक्षा C में 20 लड़के और 9 लड़कियां हैं, तो किस कक्षा में लड़कों का लड़कियों से अनुपात सर्वाधिक है?**

(a) Class B/कक्षा B
(b) Class A/कक्षा A
(c) Class C/कक्षा C
(d) Both Class A and Class B/दोनों कक्षा A और कक्षा B

**Ans. (c) :** कक्षा A में –
लड़के = 11
लड़कियां = 18
अनुपात = $\frac{11}{18}$ 0.611
कक्षा B में –
लड़के = 13
लड़कियों = 17
अनुपात = $\frac{13}{17}$ 0.765
कक्षा C में –
लड़के = 20
लड़कियां = 9
अनुपात = $\frac{20}{9}$ 2.22
अतः स्पष्ट है कि कक्षा C में लड़के का लड़कियों से अनुपात अधिक है।

**16. Which of the following numbers are divisible by 11?**
**निम्नलिखित में से कौन -सी संख्याएं, 11 से विभाज्य हैं?**
**(i) 29435417** **(ii) 57463828**
**(iii) 57463824** **(iv) 29435416**

(a) (i) and (ii) (b) (iii) and (iv)
(c) (i) and (iii) (d) (ii) and (iii)

**Ans. (c) : 11 से विभाज्य के नियम–** संख्या के अंको को क्रमशः घटाने व जोड़ने पर जो परिणाम आता है, यदि वह 0 या 11 हो (या 11 का गुणज) हो तो संख्या 11 से विभाज्य होगी।
विकल्प (i) 2 – 9 + 4 – 3 + 5 – 4 + 1 – 7 = – 11
11 से विभाज्य हैं।
विकल्प (iii) 5 – 7 + 4 – 6 +3 – 8 + 2 – 4 = –11
11 से विभाज्य हैं।

**17. A teacher travelled a distance of 22 km in 7 hours. He travelled partly on foot at thespeed of 2 km/h and partly on bicycle at the rate of 4 km/h. The distance travelled onfoot is:**
**एक शिक्षक ने 7 घंटे में 22km की दूरी तय की। उन्होने आंशिक रूप से 2km/h की चाल से पैदल यात्रा की ओर आंशिक रूप से 4km/h की चाल से साइकिल से यात्रा की। पैदल तय की गई दूरी कितनी है?**

(a) 8 km (b) 6 km
(c) 3 km (d) 10 km

**Ans. (b) :** माना पैदल तय की दूरी = xkm

पैदल यात्रा में लगा समय = $\frac{x}{2}$ घण्टे

साइकिल द्वारा तय की गयी दूरी = (22 – x) Km

साइकिल द्वारा यात्रा तय करने में लगा समय = $\frac{2 \quad x}{4}$ घण्टें

कुल समय = 7 घण्टें

$\frac{x}{2}$ $\frac{22 \quad x}{4}$ 7

2x + 22 – x = 28
x = 6 km

**18. A thief is noticed by a policeman from a distance of 500 m. The thief starts running andthe policeman chases him. The thief and the policeman run at the speed of 12 km/hand 13 km/h, respectively. What is the distance between them after 12 minutes?**

**एक पुलिसमैन ने एक चोर को 500m की दूरी से देखा। चोर भागने लगता है और पुलिसमैन उसका पीछा करता है। चोर और पुलिसमैन क्रमशः 12km/h और 13km/h की चाल से दौड़ते हैं। 12 मिनट के बाद दोनों के बीच की दूरी कितनी होगी?**

(a) 150 m (b) 200m
(c) 300m (d) 100m

**Ans. (c) :** दिया हैं– चोर की गति = 12km/ घण्टा

पुलिस की चाल = 13km/h

समय = 12 मिनट $\frac{12}{60}$ 0.2 घण्टे

चोर द्वारा तय की गई दूरी = $12 \times 0.2 = 2.4$ km

पुलिस द्वारा तय की गई दूरी = $13 \times 0.2 = 2.6$ km

अन्तर = 2.6 – 2.4

= 0.2 km

1 km = 1000मी.

= 0.2 × 1000

=200 मी.

∵ चोर 500 मी. आगे था–

अतः अभीष्ट दूरी = 500 – 200

= 300 मी.

**19. The average of v numbers is $w^2$ and that of w numbers is $v^2$. Then the average of allthe numbers is:**

**v संख्याओं का औसत $w^2$ है। और w संख्याओं का औसत $v^2$ है। तो सभी संख्याओं का औसत ——— है।**

(a) $v^2 + w^2$ (b) v + w
(c) $vw^2$ (d) vw

**Ans. (d) :** v संख्याओं का औसत = $w^2$

v संख्याओं का कुल मान = $v \times w^2$

w संख्याओं का औसत = $v^2$

w संख्याओं का कुल मान = $w \times v^2$

कुल संख्या = v + w

कुल मानों का योग = $v w^2 + wv^2$

औसत = $\frac{vw^2 \quad wv^2}{v \quad w}$

$\frac{vw \quad w \quad v}{v \quad w}$

= vw

**20. At a construction site, 15 men or 10 machines can construct a room in 66 days. In howmany days can 5 men and 4 machines together complete the work?**

**एक निर्माण स्थल पर, 15 आदमी या 10 मशीनें 66 दिनों में एक कमरे का निर्माण कर सकती हैं। 5 आदमी और 4 मशीनों मिलकर उस कार्य को कितने दिनों में पूरा कर सकती हैं?**

(a) 75 day/दिन (b) 90 day/दिन
(c) 80 day/दिन (d) 85 day/दिन

**Ans. (b) :** प्रश्नानुसार,

15 आदमी = 10 मशीने

1आदमी = $\frac{10}{15}$ $\frac{2}{3}$ मशीन

5 आदमी = 5 $\frac{2}{3}$ $\frac{10}{3}$ मशीन

कुल मशीन 4 $\frac{10}{3}$ $\frac{22}{3}$ मशीन

∵ 10 मशीन 66 दिन में कमरे का निर्माण करती है।

1 मशीने = $66 \times 10 = 660$ दिन

$\frac{22}{3}$ मशीन = $\frac{660}{\frac{22}{3}}$ 660 $\frac{3}{22}$ 90 दिन

**21. Roshan owned a plot of land having an area that was 20% more than the area of theplot owned by Susan, while the area of the plot of land owned by Jacob was 30% morethan the area of the plot owned by Roshan. If the area of the plot owned by Susan was1250 square feet, what was the area (in square feet) of the plot owned by Jacob?**

**रोशन के पास एक भूखंड है जिसका क्षेत्रफल सुसान के स्वामित्व वाले भूखंड के क्षेत्रफल से 20% अधिक है, जबकि जैकब के स्वामित्व वाले भूखंड का क्षेत्रफल रोशन के स्वामित्व वाले भूखंड के क्षेत्रफल से 30% अधिक है। यदि सुसान के भूखंड का क्षेत्रफल 1250 वर्ग फुट था, तो जैकब के स्वामित्व वाले भूखंड का क्षेत्रफल ( वर्ग फुट में ) कितना था?**

(a) 1875 (b) 1950
(c) 2050 (d) 2020

**Ans. (b) :** दिया हैं–

सुसान का भूखंड का क्षेत्रफल = 1250 वर्ग फुट

रोशन का भूखंड = 20% ज्यादा

जैकब का भूखंड = रोशन से 30% ज्यादा

रोशन के भूखंड का क्षे. = 1250 $\frac{100 \quad 20}{100}$

= 1500 वर्ग फुट

जैकब के भूखंड का क्षे. = 1500 $\frac{100 \quad 30}{100}$ 1950 वर्ग फुट

22. **If an electricity bill is paid before the due date, one gets a reduction of 5% on theamount of the bill. By paying the bill before the due date, a person got a reduction of₹ 250. The original amount of his electricity bill (in ₹ ) was:**
**यदि नियत तारीख से पहले बिजली बिल का भुगतान किया जाता है, तो बिल की राशि पर 5% की छूट दी जाती है। नियत तारीख से पहले बिल का भुगतान करने पर एक व्यक्ति को ₹250 की छूट प्राप्त हुई। उसके बिजली बिल की मूल राशि (₹में) कितनी थी?**

(a) 5000 (b) 4500
(c) 5500 (d) 4000

**Ans. (a) :** बिजली बिल की मूल राशि = $\frac{\text{छूट}\quad 100}{\text{छूट \%}}$

$\frac{250\quad 100}{5}$

= ₹5000

23. **If Tanmay covers three equal distances at the speeds of 2 km/h, 3 km/h and 4 km/h, respectively, then find his average speed (in km/h) during the whole journey. (Roundedoff to 2 decimal places)**
**यदि तन्मय तीन समान दूरी को क्रमशः 2km/h, 3km/h और 4km/h की चाल से तय करता है, तो पूरी यात्रा के दौरान उसकी औसत चाल (km/h में) ज्ञात कीजिए (दो दशमलव स्थान तक पूर्णांकित)**

(a) 4.35 (b) 5.75
(c) 2.77 (d) 3.25

**Ans. (c) :** जब दूरी समान हो और चाल अलग - अलग हो तो

$\frac{3abc}{ab\quad bc\quad ca}$

$\frac{3\quad 2\quad 3\quad 4}{2\quad 3\quad 3\quad 4\quad 4\quad 2}$

$= \frac{36}{13}\quad 2.77$

24. **The diagonal of a cube is $5\sqrt{3}cm$. Find the surface area of the cube.**
**किसी घन का विकर्ण $5\sqrt{3}cm$ है। उस घन का पृष्ठीय क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।**

(a) $25cm^2$ (b) $150\ cm^2$
(c) $250\ cm^2$ (d) $650\ cm^2$

**Ans. (b) :** घन का विकर्ण = $5\sqrt{3}$

घन का विकर्ण = $a\sqrt{3}$

$a\sqrt{3}\quad 5\sqrt{3}$

a = 5 cm

घन का पृष्ठीय क्षेत्रफल = $6a^2$

$= 6 \times [5]^2$

$= 150\ cm^2$

